## विचार प्रवाह

### चार लोग क्या कहेंगे ?

यह बेहद ही निष्ठुर, खतरनाक और निरुत्साहित करनेवाली पंच लाइन है । बहुत सिंपल होते हुए भी यह एक अबूझ, अतार्किक और अनुत्तरित प्रश्न की तरह कभी भी धमक पड़ता है जिंदगी की राह में रायता फैलाने के लिए । मुझको पक्का यकीन है कि अगर यह दुरूह प्रश्न यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा होता तो वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाते ।।

कभी-कभी तो मुझको ऐसा प्रतीत होता है कि चार तथाकथित चमत्कारिक लोगों का यह मानसिक खौफ दरअसल किसी मानसिक डिसऑर्डर का प्रतीक है । चार लोग की अवधारणा खाली मन की बेकार उपज का दुष्परिणाम है । जेहन से बीमार ऐसे लोग दरअसल समाज के बेकार लोग होते हैं । हां, कई दफा ये आईना का काम भी करते हैं । ऐसे प्रपंचाधीशों को जब-जब सुनता हूं तरस आता है उनकी काबिलियत पर ।।

चार लोग का मतलब केवल चार शारीरिक लोग नहीं है, बल्कि यह सामान्य रूप से समाज को इंगित करता है । यह समाज के लोगों की राय और धारणाओं का प्रतिनिधित्व करता है । खासकर उन लोगों की जो आपके आसपास रहते हैं, जैसे परिवार, रिश्तेदार, दोस्त और पड़ोसी । यह वाक्यांश अक्सर डर और चिंता को दर्शाता है । अब यह चिंता दूसरों की राय से प्रभावित होने, उनकी स्वीकृति पाने या आलोचना से बचने की इच्छा से जुड़ी हो सकती है ।।

ऐसा कोई नहीं है जिससे सब खुश या दुखी हैं । यही वो चार लोग हैं जो आपकी उन्नति पर परेशान हो जाएंगे और आपके पतन पर हैरान । मनुष्य ठहरा एक सामाजिक प्राणी तो ऐसे वाशिंग मशीन टाइप लोग जीवनपर्यंत आपको मिलेंगे ही । इनसे बचना नामुमकिन है । इसलिए कीजिए वो जो आपको भाए । बाकी लोगों की बातों के लिए अपने कान पर सांकल लगाएं ।।

कुछ तो लोग कहेंगे......लोगों का काम है कहना ।
बेकार की बातों में, खो न जाए जीवन का गहना ।।

चार लोगों का चक्कर बाबू भैया अच्छे-अच्छों की बैंड बजा देता है । वैसे ये चार लोग ना हों आस-पास तो जीने का रस चला जाता है । खुश होइए कि कोई तो है जो आपकी कद्र करता है, आप पर नज़र रखता है । अन्यथा इस भागमभाग में कौन किसकी खबर रखता है ? आप उनके ब्लड प्रेशर वर्धन को बोनस समझिए, सैलरी नहीं ।।

चार लोग क्या कहेंगे ? इस महान सवाल का हमनें एक सर्वे करवाया और उस आधार पर कुछ कॉमन विचार पाए । आप उनको पढ़िए और सोचिए कि क्या सही है आपके लिए....??

चार लोग के पीछे भी चार लोग का ग्रुप है बाबा । इसलिए सब टेंशन में रहता है आजकल ।।

चार लोग के कहने पर चलोगे तो निराशा की खाई में गिरोगे ही।।

चार लोग पहले दिन आलोचना करेंगे, दूसरे दिन खिल्ली उड़ाएंगे, तीसरे दिन हंसेंगे और चौथे दिन आपको भूल जाएंगे इसलिए उनकी परवाह मत करो ।।

वही चार लोग जिनके बारे में सोच कर हम दिन रात परेशान रहते है दरअसल उन्हें सिर्फ उँगली उठाना आता है पर सहारे के लिए हाथ पीछे कर लेते हैं ।।

4 लोग को अपनी जिंदगी का कंट्रोल नहीं देने का । साला कुछ अच्छा होगा तो बोलेंगे ㄷ हमलोग पहले से जानते से तुम कुछ बेहतरीन काम करोगे और कुछ खुदा न खस्ता गलत हो गया तो तुरंत कह देंगे ㄷ हमलोग पहले से जानते थे कि तुम गड़बड़ हो ।।

चार लोग क्या कहेंगे ? अगर मैं यह सोचूं तो वो लोग क्या सोचेंगे फिर ।।

चार लोग के कहने से कोई फर्क नहीं पड़ता भाई । जबतक 400 लोग चर्चा ना करें तो मजा नहीं आता ।।

चार लोग क्या कहेंगे अब इस बात का डर नहीं लगता साहब । डर तो इस बात का है कि उन चार लोगों को मैं कुछ न कह दूं ।।

चार लोगों ने कहा कि उनकी तो खुद की जिंदगी के तोते उड़े हुए हैं इसलिए अब हम गूंगे हो गए हैं, हम कुछ नहीं कहेंगे ।।

चार लोग एक सार्वकालिक सत्य (राम नाम सत्य है) का समवेत स्वर में उच्चारण करेंगे ।।

चार लोग आपकी तेरहवीं पर कहेंगे ㄷ पूड़ी थोड़ी नरम लाना भाई।।
चार लोग क्या कहेंगे अगर यही सोचते रहेंगे
चालीस लोग शायद ही आपके कसीदे पढ़ेंगे ।।
चार लोग क्या कहेंगे । मुझको सुनना ही नहीं है । गेट लॉस्ट ।।
इस तरह सर्वे का डाटा हुआ ओवर, आप पढ़िए सब गुड-गोबर ।।
जस्ट फॉर अवेयरनेस सुनो सबकी करो अपने मन की

**मनीष सिंह वंदन**
**आई टाइप आदित्यपुर जमशेदपुर झारखंड**

# तीन व्यक्तियों पर कलेक्टर ने की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

## 50-50 हजार रुपये का बांड भरने एवं सप्ताह में दो दिन थाने में आमद देने का आदेश

खरगोन। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री भव्या मित्तल ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए आपराधिक प्रवृत्ति के तीन व्यक्तियों को 50-50 हजार रुपये का बंध पत्र भरने एवं 03 माह तक सप्ताह के प्रति सोमवार एवं शुक्रवार को थाने में उपस्थिति देने का आदेश दिया है।

पिपल चौक संजय नगर खरगोन के 35 वर्षीय मोहम्मद ऊर्फ जानु को 50 हजार रुपये का बंधपत्र भरने एवं 03 माह तक सप्ताह के प्रति सोमवार व शुक्रवार को पुलिस थाना खरगोन में उपस्थित होने के निर्देष दिए गए हैं।

इसी प्रकार हरिसेठ की बाड़ी जैतापुर थाना मेनगांव के 29 वर्षीय लोकेष पिता पंढरी अमोदे एवं जैतापुर के ही 31 वर्षीय मनीष पिता राधेष्याम अलोने को 50-50 हजार रुपये का बंधपत्र भरने एवं 03 माह तक सप्ताह के प्रति सोमवार व शुक्रवार को पुलिस थाना मेनगांव में उपस्थित होने के निर्देष दिए गए हैं।

इन तीनों व्यक्तियों के विरूद्ध सार्वजनिक स्थलों पर कमजोर व्यक्तियों को गालियां देने, जान से मारने की धमकी देने, आम जन के साथ धारदार हथियारों से वार कर चोट पहुंचाने, जुआ खेलने, अवैध हथियार रखने, आगजनी की गंभीर वारदाते करने, हत्या का प्रयास करने एवं अपने साथियों के साथ साम्प्रदायिक तनाव फैलाने के लिए तत्पर रहने जैसे मामलों में थाना खरगोन एवं मेनगांव में भादवि की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

आपराधिक प्रवृत्ति के इन व्यक्तियों के कारण क्षेत्र में अशांति का माहौल निर्मित न हो और जनमानस को भयमुक्त करने के लिए कलेक्टर द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही कर इन तीनों व्यक्तियों को संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष 50-50 हजार रुपये का बंधपत्र भरने कहा गया है कि उनके द्वारा कोई आपराधिक गतिविधियां नहीं की जायेंगी।

इन तीनों व्यक्तियों को आगामी 03 माह तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष अपनी आमद देने कहा गया है।

# ग्राम पंचायत जलूद व छोटी कसरावद में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

## न्यायाधीश सुश्री जैन ने ग्रामीणों को दी कानून की जानकारी

खरगोन। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर के निर्देश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन ने 14 मई को ग्राम पंचायत जलूद के पंचायत भवन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।



षिविर में न्यायाधीष सुश्री जैने ने ग्रामीणों को विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। इस दौरान सुश्री प्रीति जैन ने नालसा की आपदा पीड़ितों को विधिक साक्षरता शिविर के तहत बताया कि आपदा पीड़ितों के पुनर्वास की जिम्मेदारी सरकार की होती है। प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, आंधी तूफान से पीड़ित व्यक्तियों के रेस्क्यू की जिम्मेदारी प्रशासन की होती हैं। आपदा के समय व्यक्तियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचना उनके रहने खाने पीने की जिम्मेदारी भी प्रशासन की होती है। अपने महिलाओं और बच्चों के कानूनी अधिकार, निशुल्क लीगल एड और वाणिज्यिक तस्करी के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर पीएलवी राजेश पंवार, मनीष सिंह चौहान, दुर्गेश राजदीप, जोजो मुरियादान सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत छोटी खरगोन में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में सचिव न्यायाधीश प्रीति जैन ने महिलाओं को घरेलू हिंसा कानून से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को कानून का पालन करना चाहिए। यहां नालसा के असंगठित क्षेत्र के मजदूरों और नालसा आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन विषय पर भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर रोजगार सहायक दिलीप मालवीय जनपद सदस्य भीमसिंह चोयल मनोज चौहान उपस्थित रहे।

## ग्राम अहीर धामनोद में पराली जलानें के दौरान मक्का के ढेर में लगी आग मक्का जला



इंदौर समाचार सेवकराम चौबे। कसरावद तहसील के ग्राम अहीर धामनोद में एक किसान के खेत में अचानक आग लग गई जहा पर किसान यशवंत उपाध्याय निवासी ग्राम पिपलझोपा की करीब मक्का के ढेर में अलग लगने से काफी नुकसान हुआ है गई।

किसान यशवंत उपाध्याय पीपलझोपा ने बताया कि करीब 3 बीघा खेत की फसल करीब 60 कुंटल के आसपास की मक्का की फसल खेत में काट के रखी हुई थी। जिससे पास के ही खेत में एक किसान द्वारा अपने खेत की पराली जलाने से आग यशवंत उपाध्याय के खेत तक पहुंच गई जिसकी सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और पानी के डब्बो से आग बुझाने की कोशिश भी की गई सूचना मिलने 100 डायल ओर ठीकरी की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची ओर आग पर काबू पाया गया। जब तक मक्का के ढेर जल गया जिससे काफी नुकसान हुआ है।

## कन्या शिक्षा परिसर के सीबीएसई बोर्ड कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा



महेश्वर। जनजाति कार्य विभाग द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर में सीबीएसई बोर्ड कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जिला कलेक्टर भव्या मित्तल एवं सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग प्रशांत आर्य के मार्गदर्शन में संस्था का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा है। प्राचार्य एम एल बामनिया द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि कुल दर्ज 48 बालिकाओं में से समस्त 48 बालिकाएं उत्तीर्ण हुई जिनमें 07 बालिका प्रथम श्रेणी , 36 बालिका द्वितीय श्रेणी ,05 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुई ।

संस्था में प्रथम स्थान परिधि ठाकुर, द्वितीय स्थान निधि मंडलोई तथा तृतीय स्थान प्रिय मंडलोई ने प्राप्त किया । उक्त उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के समस्त स्टाफ का कुशल मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को देते हुए बताया कि समस्त जनजातीय बालिकाएं विद्यालय में अध्यनरत है। प्रदेश के ग्रामीण परिवेश की बालिकाओं द्वारा इस प्रकार की उपलब्धि निश्चित रूप से हम सबके लिए गौरव की अनुभुति है। आगे बालिकाएं और ऊंचाइयां प्राप्त करेंगी ऐसा प्रयास करेंगे।

# धरगांव में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

खरगोन। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर द्वारा 14 मई को ग्राम पंचायत धरगांव में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। षिविर में नालसा की गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विस्तार से जानकारी दी गई।



नालसा के एसिड अटैक पीड़ितों के लिए कानूनी जानकारी देते हुए न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर सुश्री प्रीति जैन ने कहा कि एसिड अटैक से पीड़ित व्यक्ति को तुरंत प्राथमिक उपचार दिया जाना चाहिए। एसिड अटैक से पीड़ितों को निःशुल्क उपचार दिया जाता है।

न्यायाधीष सुश्री जैन ने पॉक्सो एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालक और बालिकाओं दोनों की सुरक्षा के लिए यह कानून बना है। अगर कोई व्यक्ति किसी बालक बालिका का यौन शोषण करता है तो उसकी शिकायत अवश्य करना चाहिए। बदनामी के डर से लोग शिकायत नहीं करते, वे सोचते है शिकायत करने पर नाम उजागर होने से परिवार की बदनामी होगी। ऐसा सोचना गलत है अब किसी भी पीड़ित व्यक्ति का नाम उजागर नहीं किया जाता है कोर्ट में भी बंद कमरे में सुनवाई होती है। इस अवसर पर सरपंच दीपेन्द्र सिंह रावत, सचिव जितेन्द्र बिल्लौरे, रोजगार सहायक कमलेश पाटीदार, अंकित यादव, पीएलवी दुर्गेश राजदीप, जोजू मोरियादन उपस्थित थे।

### श्रमोदय आईटीआई भोपाल में प्रवेश प्रारंभ

खरगोन। श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में संचालित 8 ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश प्रक्रिया कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल पर होगी। नए सत्र के लिए आवेदक ूण्केकण्उचण्हवअण्पद पर 31 मई तक पंजीयन कर सकते हैं। इस संस्था में संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट के दो वर्षीय पाठ्यक्रम है। इसी प्रकार फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाइन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर के एक वर्षीय पाठ्यक्रम है।

## पूरे देश को ऑपरेशन सिंदूर समझाने के पहले अपने ही मंत्री को समझाए भाजपा-- गेहलोत



सैलाना/सैलाना के पूर्व विधायक हर्ष विजय गेहलोत ने आरोप लगाया है कि भाजपा पूरे देश मे देशवासियों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में बताने के लिए तिरंगा यात्रा का आयोजन कर रही है पहले अपने मन्त्री को इसका महत्व समझाए सत्ता के नशे में मदहोश मंत्रीजी को पता ही नही की वो क्या बोल रहे हैं।

अभी हाल ही में मध्यप्रदेश के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री श्री विजय शाह द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लीड करने वाली अधिकारी सोफिया कुरेशी का नाम पाकिस्तान के साथ जोड़ा कहा केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उसी अधिकारी और पूरा भरोसा करके इतने बड़े आपरेशन की कमांड इस अधिकारी को दी और हमारी सेना ने सफलता पाई उसी अधिकारी के बारे में मंत्रीजी का इस तरह बोलना समझ से परे है।

क्यां हमारे देश के प्रधानमंत्रीजी सेनाधिकारीन के बारे में गर्व से बताते हैं उन्ही के वारे में हल्के शब्द बोलना, भाजपा शीर्ष नेतृत्व को इस पर संज्ञान लेकर ऐसे मन्त्री जी को मंत्री मण्डल से बाहर करके एक अच्छा उदाहरण पेश करना चाहिए श्री गेहलोत ने आगे कहा कि यह बिगड़े बोल भी श्री शाह तब बोलें हैं जब सारा देश सरकार के साथ खड़ा हुआ सारे विपक्षी दलों ने एकमत होकर इस मुद्दे पर सरकार का साथ दिया है प्रधानमंत्री स्वंय विपक्ष को साथ लेकर फैसले कर रहे है ऐसे समय मे इस तरह के बयान सरकार विरोधी तो है ही भाजपा के कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है प्रधानमंत्री जी इसमे दखल देकर ऐसे मन्त्री को बाहर का रास्ता दिखाए।

# नशा करना एक पीढ़ी को बर्बाद कर देता है- न्यायाधीश सुश्री जैन

## ग्राम पंचायत नांद्रा में जागकरूकता शिविर का हुआ आयोजन

खरगोन। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर के निर्देशन में 14 मई को ग्राम पंचायत नांद्रा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नशा करना कानूनी अपराध तो है ही लेकिन इससे एक पीढ़ी बर्बाद हो जाती है।



नशा करने वाला व्यक्ति अपना और परिवार दोनों का जीवन बर्बाद करता है। यह बातें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन ने ग्राम पंचायत नांद्रा में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में कही। उन्होंने नशीली दवाओं के पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाओं और योजनाओं की जानकारी दी। महिला के लिए घरेलू हिंसा अधिनियम की जानकारी देते हुए न्यायाधीश ने बताया कि कोई भी महिला को प्रताड़ित किया जाता है, ताने मारे जाते है तो यह कानूनी अपराध है। किसी महिला को बच्चे नहीं होने पर प्रताड़ित करना भी अपराध है।

न्यायाधीष सुश्री जैन ने मोटर व्हीकल एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी वाहन को चलाने के लिए लायसेंस की जरूरत होती है। बिना लायसेंस बीमा के वाहन चलाना जिंदगी बर्बाद कर सकता है।

यदि कोई व्यक्ति जिसके पास लाइसेंस नहीं है और वह किसी दूसरे का वाहन मांग कर चलाता, जिस वाहन का बीमा रजिस्ट्रेशन नहीं है, ऐसे में यदि कोई दुर्घटना हो जाती है और दुर्भाग्यवश उस दुर्घटना में कोई गंभीर रूप से घायल हो जाता है या मर जाता है तो ऐसे में वाहन चालक को बीमा कंपनी मुआवजा नहीं देती है और यह मुआवजा वाहन चालक को स्वयं देना पड़ता है। इसलिए बिना लायसेंस बिना बीमा के वाहन नहीं चलाएं।

इस अवसर पर सरपंच मुकेश सोलंकी, मोबीलाइजर पूजा बघेल, पीएलवी दुर्गेश राजदीप, जोजू मुरियादन उपस्थित रहे।

## मेरा युवा भारत युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में नामांकन के लिए आमंत्रित करता है



थांदला/मनोज उपाध्याय। नगर में नगर परिषद् कार्यालय के समीप इनडोर स्टेडियम में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में नामांकन कर प्रशिक्षण का अयायोजन किया गया जो राष्ट्रव्यापी आहवान युवा नागरिकों को राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के एक ठोस प्रयास का हिस्सा है, खासकर आपात स्थितियों और संकट के दौरान इस पहल का उद्देश्य एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित, उत्तरदायी और लचीला स्वयंसेवी बल तैयार करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और संकट के दौरान इस पहल का उद्देश्य एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित, उत्तरदायी और लचीला स्वयंसेवी बल तैयार करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के समय नागरिक प्रशासन की सहायता कर सके। जिसका सफल रूप और जज्बा आज नगर में देखने को भी मिला नगर एवं आस पास के लगभग 418 व्यक्तियों ने आज इस प्रशिक्षण में हिस्सा लिया जिसमे जिले से नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण हेतु डिसट्रिक्ट कमानडेड होमगार्ड झाबुआ एसडी पिल्लई, जिजेन्द्र व्यास जिला प्रभारी एवं उनकी टीम तथा साथ ही नगर के शासकीय चिकित्सालय से डॉ हार्दिक नायक एवं उनकी टीम द्वारा आपदा से निपटने हेतु किस तरह उपाय किया जावे एवं उपचार दिया जाए इन सभी बातो को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। इस आयोजन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तरुण जैन, एसडीओपी रविन्द्रसिंह राठी, तहसीलदार अनिल बघेल, नायब तहसीलदार पलकेश परमार, थाना प्रभारी ब्रजेश मालवीय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश जायसवाल, जनपद सी ओ एवं पत्रकारगण उपस्थित थे। आयोजन का सञ्चालन ब्लॉक कोर्डिनेटर नितिन डामर द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का आभार एसडीओपी रविन्द्रसिंह राठी द्वारा माना।

## ग्लोबल कॉन्सेप्ट स्कूल, करही के विद्यार्थियों ने फिर लहराया सफलता का परचम

करही। मंगलवार को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें ग्लोबल कॉन्सेप्ट स्कूल, करही के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की छात्रा अक्षिता विशाल शर्मा ने 90% अंक प्राप्त कर शाला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर सम्पूर्ण करही क्षेत्र का नाम रोशन किया।

वही छात्रा रिषिका भूपेंद्र वर्मा ने 89.8% एवं रौनक वासुदेव पाटीदार ने 89.8% प्राप्त कर शाला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा देशना नितिन नाहर ने 88.2%, छात्र रितेश ओम प्रकाश सुवालका ने 88%, छात्र निमित विशाल छाजेड़ ने 87% अंक प्राप्त किए। शाला के 14 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वही 43 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर चेयरमैन श्री प्रमोद छाजेड़, सी.ई.ओ. श्री प्रांजल छाजेड़, प्राचार्य श्री राहुल गोयल सहित समस्त स्टॉफ ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु मंगल कामना की।